क्रेज

दोस्तों के साथ वक्त बिताने से लेकर पढ़ाई और मीटिंग तक कैफे बन रहे पसंदीदा ठिकाने

# युवाओं में बढ़ा कैफे कल्चर का क्रेज



फाईल फोटो

**नवभारत , जबलपुर ।** शहर में कैफे अब सिर्फ कॉफी और स्नैक्स के लिए जगह नहीं रह गए हैं। युवाओं के बीच कैफे कल्चर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। दोस्तों के साथ मिलने, पढ़ाई करने, ऑनलाइन काम निपटाने से लेकर छोटे सेलिब्रेशन और बातचीत के लिए युवा कैफे को पसंद कर रहे हैं। खासकर कॉलेज स्टूडेंट्स और युवा प्रोफेशनल्स में इसका क्रेज देखने को मिल रहा है।

### कैफे बने सोशल स्पेस

युवाओं के लिए कैफे अब सिर्फ खाने-पीने की जगह नहीं हैं। दोस्तों के साथ बातचीत, छोटे सेलिब्रेशन, ग्रुप डिस्कशन और अनौपचारिक मीटिंग के लिए इनका इस्तेमाल बढ़ा है। शांत माहौल के कारण कुछ युवा पढ़ाई या लैपटॉप पर काम करना भी पसंद करते हैं।

### मिलने-जुलने का बदला तरीका

पहले दोस्तों के साथ मिलने के लिए पार्क, घर या स्ट्रीट फूड स्पॉट आम विकल्प थे। अब कैफे भी युवाओं की पसंद में शामिल हो गए हैं। यहां बातचीत के साथ पढ़ाई, प्रोजेक्ट डिस्कशन और अनौपचारिक मीटिंग के लिए भी स्पेस मिल जाता है।

### बढ़ रहा खर्च, घट रहा बजट

बार-बार कैफे जाने से युवाओं का आउटिंग बजट प्रभावित हो रहा है। कॉफी के साथ स्नैक्स या डेजर्ट लेने पर छोटी-सी मुलाकात का बिल बढ़ जाता है। सोशल मीडिया पर नए कैफे ट्राय करने का ट्रेंड भी खर्च बढ़ाने का कारण बन रहा है। वहीं, लंबे समय तक कैफे में बैठने से पढ़ाई या जरूरी काम के लिए तय समय भी प्रभावित हो सकता है।

### इनका कहना है



दोस्तों के साथ मिलने के लिए कैफे जाना अच्छा लगता है। यहां आराम से बैठकर बातचीत भी हो जाती है और कभी-कभी ग्रुप स्टडी भी कर लेते हैं। लेकिन हर बार कैफे जाना बजट पर भारी पड़ता है, इसलिए अब महीने में कुछ ही बार जाते हैं।

**रिया शर्मा, कॉलेज छात्रा**



कैफे में बैठने का माहौल अच्छा लगता है और नए लोगों से मिलने का मौका भी मिलता है। सोशल मीडिया पर नए कैफे देखकर उन्हें ट्राय करने का मन करता है। लेकिन सिर्फ फोटो या ट्रेंड के लिए जाना सही नहीं लगता, क्योंकि इससे खर्च और समय दोनों बढ़ जाते हैं।

**साक्षी वर्मा, कॉलेज छात्रा**





# जबलपुर में शुरू होंगी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की कोचिंग क्लासेस

विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर जबलपुर के बाहर नहीं जाना होगा

**नवभारत,जबलपुर।** देश में इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड कोटा अब मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण शहर जबलपुर में भी ऑफलाइन क्लासरूम कोचिंग की सेवाएं देगा। इसकी घोषणा होटल सत्य अशोका में आयोजित समारोह में की गई।

घोषणा के साथ ही एडमिशन शुरू हो गए, एलन एडमिशन स्कॉलरशिप टेस्ट (ए-सेट) और टेलेंटेक्स के माध्यम से एडमिशन पर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त की जा सकती है। साथ ही इन प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से स्कॉलरशिप के साथ टैलेंट को सर्च करके करोड़ो रुपए के कैश प्राइज भी दिए जाएँगे ।समारोह में एलन कोटा प्रसीडेंट एंड सीएओ सीआर चौधरी, एलन कोटा प्रसीडेंट विनोद कुमावत और वाइस प्रसीडेंट एंड जोनल हेड डॉ. विपिन योगी के साथ अन्य जबलपुर के गणमान्य अतिथियों ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रसीडेंट एंड सीएओ सीआर चौधरी ने कहा कि एलन का उद्देश्य हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए अनवरत प्रयास किए जा रहे हैं। यह विस्तार इसी दिशा में बढ़ाया जा रहा कदम है। एलन जबलपुर की प्रतिभाओं को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा।

### कोटा की तर्ज पर उपलब्ध होगा स्टडी मटेरियल

कार्यक्रम में एलन प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने कहा कि इंजीनियरिंग व मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में एलन ने सामाजिक बदलाव की कहानी लिखी है। वहीं एलन वाइस प्रसीडेंट एंड जोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने कहा कि नेपियर टाउन में स्टडी सेंटर शुरू किया गया है। यहां कक्षा जेईई-मेन, एडवांस्ड, नीट यूजी के साथ कक्षा 6 से 10 तक के स्टूडेंट्स को बोर्ड और विभिन्न ओलम्पियाड्स की तैयारी करवाई जाएगी। एलन कोटा के तर्ज पर जबलपुर में भी पढ़ाई करवाई जाएगी। यही नहीं स्टूडेंट केयरिंग पर भी पूरा फोकस किया जाएगा। विद्यार्थियों को कोटा की तर्ज पर स्टडी मेटीरियल और बेस्ट फैकल्टीज का मार्गदर्शन उपलब्ध होगा, जिससे जो विद्यार्थी कोटा या जबलपुर से बाहर नहीं जा सकते वो यहीं रहकर अपने सपने पूरा कर सकें। इस मौके पर एलन जबलपुर के सेंटर हेड राकेश सिंह ने कहा कि हम कोटा जैसी एकेडमिक देने के लिए संकल्पित है और आने वाले समय में जबलपुर में ही पढ़कर बेहतरीन कॉलेजेस में डॉक्टर्स और इंजीनियर्स बनाने का कार्य होगा।

एक नजर में

### कृति लोकार्पण व अलंकरण समारोह आज

**जबलपुर।** सृजन, संस्कृति और संगीत को समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था मंथन श्री का वार्षिकोत्सव, कृति लोकार्पण एवं अलंकरण समारोह 20 सितंबर को शाम 4 बजे रानी दुर्गावती संग्रहालय की कला वीथिका में होगा। मंथन श्री के अध्यक्ष संतोष नेमा 'संतोष' और महासचिव राजेश पाठक 'प्रवीण' ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय साझा काव्य संकलन 'पितृ नमन' के साथ वरिष्ठ साहित्यकार अमरेन्द्र नारायण की तीन कृतियों का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु स्वामी डॉ. बालगोविन्दाचार्य जी महाराज, पराम्बा धाम की उपस्थिति में होगा, जबकि अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पाटन विधायक अजय बिश्नोई होंगे।समारोह में सारस्वत अतिथि आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि संदीप जैन, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, उज्ज्वल शुक्ला, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय नेमा 'अनुज' सहित विभिन्न क्षेत्रों के मनीषियों की मौजूदगी रहेगी। इस अवसर पर विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का अलंकरण एवं सम्मान किया जाएगा, वहीं श्रीजी डांस ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी।

### एक दीप गणपति के नाम

**जबलपुर।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा है। रविवार को 'एक दीपक गणपति के नाम' के तहत शाम 7.30 बजे हजारों श्रद्धालु मिट्टी के दीप प्रज्वलित कर सामूहिक महाआरती करेंगे। लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिट्टी के दीपों से होने वाली यह महाआरती विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इससे पहले सुबह 10.30 बजे स्वास्थ्य शिविर, 11 बजे चित्रकला प्रतियोगिता और शाम 6.30 बजे ब्रास बैंड की धार्मिक प्रस्तुति होगी। आयोजन में पूर्व में महिला मंडल द्वारा अभिषेक-आरती, नेमा समाज मानस मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ, छठी महोत्सव, प्रसाद वितरण और भजन संध्या का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष विजय चौधरी, उपाध्यक्ष रामेश्वर चौबे, सचिव अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश पटेल सहित पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पहुंचकर सामूहिक महाआरती में सहभागी बनने की अपील की है।

# एक प्यार का नगमा है.....चिट्ठी आई है...

मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, सजी सुमधुर गीतों की शाम






**नवभारत,जबलपुर।** एक प्यार का नगमा है.....जैसे शानदार गीतों की प्रस्तुतियों के साथ जाह्नवी म्यूजिकल ग्रुप और वेलकम आर्केस्ट्रा के सौजन्य से दत्त मंदिर में सुमधुर गीतों की एक शाम सजाई गई जिसमें शहर के कई प्रसिद्ध गायक एवं गायिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं गईं। इस मौके पर तृप्ति मिश्रा द्वारा एक प्यार का नगमा है, शेखर वर्मा द्वारा ये दिल न होता बेचारा, विम्मी पांडे द्वारा ये मेरा दिल प्यार का दीवाना, सुधीर श्रीवास दिल आज शायर,छोटू बाबा चिट्ठी आई है जैसे एक से बढ़कर एक नगमे प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहर के उभरते हुए कलाकारों को एक अच्छा मंच प्रदान करना है। आयोजक तृप्ति मिश्रा जान्हवी म्यूजिकल ग्रुप ने सभी गायक गायिकाओं और श्रोताओं को धन्यवाद प्रेषित किया ,संचालन अयाज मंसूरी द्वारा किया गया।

# गणेश छठ : श्री रजत गणेश मंदिर में नजर आया अलौकिक, भक्तिमय नजारा

धूमधाम से मनाई गई गणेश छठ



**नवभारत,जबलपुर।** ललपुर रोड, गौरीघाट स्थित प्रसिद्ध श्री रजत गणेश मंदिर परिसर में शनिवार को 'गणेश छठ' का पावन पर्व अत्यंत भव्यता एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। उत्सव के दौरान मंदिर परिसर का दृश्य अत्यंत अलौकिक और भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। विशेष रूप से महिलाओं एवं पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर भगवान श्री गणेश जी का पूजन, वंदन एवं अभिनंदन किया। मंदिर परिसर में ठीक वैसा ही उत्सव एवं आनंद का माहौल निर्मित हुआ, जैसा पारंपरिक रूप से शिशु जन्मोत्सव के उपरांत 'छठ' एवं 'जच्चा-बच्चा' पूजन के अवसर पर घरों में देखा जाता है। इस अवसर पर महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि महंत होने का अर्थ है कि प्राप्त सिद्धियों का उपयोग भक्तों के लिए किया जाना चाहिए। भक्तों के कष्ट निवारण करना और ईश्वर की अराधना और सेवा हमारा प्रथम कर्तव्य है।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर गूंजे भजन

कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडली ने पारंपरिक प्राचीन वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर एक से बढ़कर एक मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियाँ दीं। भजनों की रसधार से संपूर्ण मंदिर प्रांगण आध्यात्मिक चेतना और भक्ति रस से सराबोर हो उठा।

### अर्पित किए खिलौने व उपहार

भक्तगण बालगोपाल स्वरूप श्री गणेश जी के लिए अत्यंत स्नेहपूर्वक विभिन्न प्रकार के सुंदर उपहार, मिष्ठान एवं खिलौने लेकर पहुँचे। महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने गजानन को भक्ति भाव से पालने में झुलाया और उनकी आरती उतारकर क्षेत्र व समाज के कल्याण की कामना की।

### जय श्री रजत गणेश कहने का लिया संकल्प

इस अवसर पर डॉ. रवि राय ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि हम सभी अपनी सनातन संस्कृति और व्यावहारिक जीवन में पवित्रता बनाए रखने के लिए परस्पर अभिवादन में 'गुड मॉर्निंग' या अन्य पाश्चात्य शब्दों के स्थान पर 'जय श्री रजत गणेश' कहने का संकल्प लेते हैं। उपस्थित समस्त जनसमुदाय एवं श्रद्धालुओं ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए दैनिक जीवन में 'जय श्री रजत गणेश' के उद्घोष का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का संचालन सुरेश शारदा ने किया।

# मां कर्मा देवी चौक के नाम से जाना जाएगा लेबर चौक

मां कर्मा देवी चौक का सांसद-महापौर ने किया लोकार्पण





**नवभारत,जबलपुर।** साहू समाज की आराध्य एवं भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त माँ कर्मा देवी के नाम पर लेबर चौक का नामकरण 'माँ कर्मा देवी चौक' किए जाने के उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिक निगम जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं लोकसभा सांसद आशीष दुबे द्वारा माँ कर्मा देवी चौक का लोकार्पण किया गया।

माँ कर्मा देवी के नाम पर चौक का नामकरण साहू समाज की आस्था, सम्मान एवं गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर रहा। समारोह में समाजबंधुओं, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन जिला साहू समाज, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान माँ कर्मा देवी के आदर्शों, समाज की एकता एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व महापौर प्रभात साहू जी के संयोजन में आयोजित समारोह में जिला साहू समाज, जबलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पार्षद राहुल साहू, अरुणा संजय साहू एवं रजनी सुरेंद्र साहू ,भाजपा महानगर महामंत्री रंजीत पटेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर पटेल ,नेता प्रतिपक्ष , अमरीश मिश्रा, एम.आई.सी. सदस्य सुभाष तिवारी , राम सोनकर ,अंशुल यादव , रजनी कैलाश साहू, डी.के. साहू, उमेश साहू 'ओज', पियूष सोन, रवि साहू, डॉ. पुरुषोत्तम कुमार साहू,महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद रहे।

# रंग बिरंगे परिधानों में मनाई गई राधा अष्टमी

नव शक्ति महिला मंडल शक्ति नगर का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** नव शक्ति महिला मंडल शक्ति नगर द्वारा राधा अष्टमी का उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। शक्ति नगर में आयोजित कार्यक्रम में बाल कृष्ण के बाल रूप में रुशांक महाजन और राधा रानी के बाल रूप के किरदार में शानवी राज ने भाग लिया और दोनों ने अपनी वेशभूषा से सभी का मन मोह लिया। महिलाएं रंग बिरंगे ड्रेस कोड में शामिल हुईं। आयोजन में प्रीति श्रीवास्तव, कल्पना महाजन , प्रतिभा खन्ना, प्रभा विश्वकर्मा, नीता सिजारिया, प्रीति श्रीवास्तव, काजल तिवारी प्रेमलता गांठे सोनू राजपूत , नीलम झा, राज लक्ष्मी पांडे, नीलम प्रसाद, दिशा शर्मा, प्रीति सिंह मीनू लाल,प्रीति तिवारी,अर्चना राठौर, अर्चना उपाध्याय, तृप्ति गुप्ता, गीता बड़गईया ,नीलम कौशिक, नीतू महाजन, अर्चना जायसवाल, रुचिका महाजन,योगिता आहूजा, नीरा कोहली, रुशांक महाजन, गर्वित आहूजा, और अयांश कोहली आदि की उपस्थिति रहीं

# मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में रोपे गए औषधीय पौधे



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिप्रेरणा से नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में 17 सितंबर से प्रारंभ हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' विषय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर स्थित फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट विभाग के सामने विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं अन्य पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर एक्सटेंशन डॉ. सुनील नायक महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस. के. महाजन , एनएसएस इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे प्राध्यापक गण डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीति मिश्रा एवं श्री रोहित तिवारी , टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी , प्रियंका गौतम, सत्येंद्र कटारा एवं अनिल केवट सहित महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : सोनकर

19 से 26 सितंबर तक जिला स्तर पर विद्यार्थी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं

**नवभारत,जबलपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर के विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर विकसित भारत, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, राष्ट्र सेवा और अपने सपनों के भारत जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं व विचारों को अभिव्यक्त किया। अभियान के तहत 19 से 26 सितंबर तक जिला स्तर पर विद्यार्थी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जबलपुर के 328 विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के 328 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्राइस्ट चर्च गर्ल्स एवं बॉयज स्कूल में भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, एमएम इंटरनेशनल स्कूल में सांसद आशीष दुबे, एमएलबी स्कूल में प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सेंट अलॉयसियस स्कूल में विधायक अशोक रोहाणी, सेंट जेवियर स्कूल में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन और आदित्य कॉन्वेंट स्कूल में महामंत्री अमित सोनू बचवानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और प्रतिभा को मंच देना राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी कल्पनाशक्ति, विचार क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है तथा वे देश और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हैं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्हें शिक्षा, संस्कार, रचनात्मकता तथा राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम् के गायन से हुआ।

धार्मिक महापर्व

महाष्टमी पर पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक

# पर्युषण पर्व में धर्म-साधना के साथ संस्कारों की गूंज





**नवभारत,जबलपुर।** दिगंबर जैन समाज के प्रमुख धार्मिक महापर्व पर्युषण एवं दस लक्षण पर्व के चलते श्री महावीर स्वामी मार्ग स्थित 'धर्मातयन' श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनमंदिर में इन दिनों धर्म और संस्कारों की विशेष छटा देखने को मिल रही है। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं के जिनालय पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। दस दिवसीय महापर्व के दौरान धर्म-साधना, त्याग, तपस्या, पूजन-अभिषेक के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं। महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की आराधना और महाष्टमी के अवसर पर 9वें तीर्थंकर भगवान श्री पुष्पदंत प्रभु का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विशेष पूजन-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सहभागिता की। जिनालय में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर मोक्ष कल्याणक की मंगल भावना की।

### मुंबई के विद्वान दे रहे ज्ञान

पर्युषण पर्व के दौरान मुंबई से पधारे विद्वान विपिन शास्त्री के परम सानिध्य में प्रतिदिन विशेष धार्मिक अध्ययन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 से 10 बजे एवं रात्रि 9 से 10 बजे तक शास्त्र स्वाध्याय कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलंबी शामिल होकर जैन आगम एवं धर्म के गूढ़ सिद्धांतों को समझ रहे हैं। वहीं सुबह 10:30 बजे से तत्त्वार्थसूत्र की विशेष कक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी जैन धर्मावलंबियों के लिए धर्म के मूल सिद्धांतों का अध्ययन एवं चिंतन कराया जा रहा है। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 7:15 बजे से धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ भगवान के जलाभिषेक से होता है। इसके बाद सामूहिक पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों की सामूहिक सहभागिता से जिनालय में पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहता है।

श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के साथियों द्वारा महापर्व के सभी कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। आगामी दिनों में भी धर्म-साधना, स्वाध्याय, तत्त्वार्थसूत्र की कक्षा, पूजन-अनुष्ठान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का क्रम जारी रहेगा।

### युवाओं को धर्म से जोड़ने का भी प्रयास

पर्युषण पर्व के दौरान बच्चों और युवाओं को धर्म एवं संस्कारों से जोड़ने के लिए विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं युवाओं की सक्रिय भागीदारी आयोजन में नई ऊर्जा का संचार कर रही है।

# जिले के 151 मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिया उपहार



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज पं.लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में जिले के 151 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई। जिसके बाद विद्यार्थियों के चेहरे में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। जिस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी सुना। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना केवल स्कूटी प्रदान करने का कार्यक्रम नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का माध्यम है।वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह स्कूटी विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और प्रतिभा का सम्मान है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सोनू बचवानी ,संयुक्त संचालक शिक्षा ,घनश्याम सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधिए शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

### हवाई यात्रा में शामिल हुए 2 नए मेधावी छात्र

इस मौके पर सांसद ने महापौरजगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा विद्यार्थियों को नगर निगम की ओर से हवाई यात्रा कराने की पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि महापौर द्वारा आगामी अक्टूबर माह में विद्यार्थियों को हवाई यात्रा के माध्यम से इंदौर ले जाने की योजना है। सांसद ने महापौर से अनुरोध किया कि इस यात्रा में मॉडल स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए। सांसद के अनुरोध पर महापौर ने दो और विद्यार्थियों को इस यात्रा में शामिल करने की सहमति दी। इसके बाद सांसद ने महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया।